वह रोजगार मिल जाने की वजह से अच्छी जिन्दगी गुजारने का मौका पाएगा ।

मैं आज फिर जौनपुर के लोगों की तरफ से जौनपुर के पिछड़ेपन और बेरोजगारी को दूर करने के लिए पुरजोर मुतालबा करता हूं कि जौनपुर में बड़ी इन्डस्ट्री लगाई जाए ताकि जौनपुर का पिछड़ापन और बेरोजगारी दूर होने में मदद मिले और जौनपुर के लोगों को राहत मिले ।

(vii) Doordarshan facilities to Shahdol district of Madhya Pradesh

श्री बाबूराव परांजपे (जबलपुर) : उपाध्यक्ष जी, शहडोल जिला एक औद्योगिक प्रधान जिला है, जो मध्यप्रदेश के लगभग मध्य बिन्दु पर स्थित है । इस जिले में 20 कोयला खदानों का जाल बिछा है, जिससे 25 हजार टन कोयले का उत्पादन प्रतिदिन होता है, जो ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है । इसके अतिरिक्त अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन, पेपर मिल, सोडा फैक्ट्री, पॉटरीज फैक्ट्री एवं बाक्साइड का विशाल भंडार है ।

शिक्षा की दृष्टि से यह जिला अत्यन्त महत्वपूर्ण है जिसमें 7 महाविद्यालय आई० टी० आई० एवं माइनिंग पालिटेक्निक महाविद्यालय हैं, जो कि मध्यप्रदेश में एकमात्र है ।

रीवा संभाग का श्रम न्यायालय तथा सहायक श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) का कार्यालय भी यहीं स्थित है । जनसंख्या की दृष्टि से यह आदिवासी बहुल क्षेत्र है तथा यह लोकसभा, आदिवासियों के लिये सुरक्षित सीट है । बहुउद्देशीय बाण सागर योजना के अन्तर्गत निर्माणाधीन बांध इस जिले का गौरव है, जिससे मध्यप्रदेश, बिहार एवं उत्तरप्रदेश को सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी ।

बिरसिंहपुर पाली में निर्माणाधीन थर्मल पावर स्टेशन भी इसी जिले में स्थित है ।

केन्द्रीय शासन ने 1984 तक भारत के 65 प्रतिशत क्षेत्र में टेलीविजन का लक्ष्य बनाया है, किन्तु शहडोल जिला इससे अछूता है, जबकि आस-पास के सभी जिलों में यह सुविधा उपलब्ध होगी ।

अतः भारत शासन से अनुरोध है कि आगामी विस्तार योजना में शहडोल जिले को सम्मिलित कर 15 अगस्त, 1984 से टेलीविजन का शुभारम्भ किया जाये ।

(viii) Termination of contract by Indian Iron and Steel Co. entered into with Damodar Cement Co. for the purchase of slag.

SHRI BASUDEB ACHARIA (Bankura) : The unilateral termination of long-term supply contract by Indian Iron and Steel Company Ltd. poses a threat to the existence of Damodar Cement, a CCI and Government of West Bengal joint enterprise, for which Industrial Development Bank of India has made 17 crore rupees loan commitment. It was in December 1980 that a deal was finalised between WBIDC and IISCO for supply of entire slag generated from latter's blast furnace at Burnpur. IISCO offered land and transportation facilities to the WBIDC for setting up of granulation plant and running it. The termination of contract may lead to the closure of Damodar Cement, resulting in heavy investment losses for CCI and West Bengal Government. The Company has already spent Rs. 2.5 crores and placed order for machinery and equipment to set up a large granulation plant at Burnpur and a cement plant in the district of Purulia. An expenditure of Rs. 6 crores has already been committed. I urge upon the Government to look into the matter.

(ix) Setting up of a Thermal Power Station at Valope or Dabhol (Ratnagiri)

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR (Ratnagiri) : Survey for establishment of a thermal power station in Ratnagiri district of Maharashtra has been completed and report was submitted to the Government a year back. It is reported that two villages—Valope in Chiplum Taluka and Dabhol in Dapoli Taluka have been extensively surveyed in this connection. No further action has yet been taken in connection with the reports submitted to the Government.